# राष्ट्रीय प्रगति पुरस्कार

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में देहरादून निवासी **आशु सात्विका गोयल** को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में **राष्ट्रीय प्रगति पुरस्कार** प्रदान किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि राष्ट्रीय प्रगति पुरस्कार **ऑल इंडिया बिज़िनेस डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा** आशु सात्विका गोयल को उनके सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं भारत के सांस्कृतिक राजदूत के रूप में किये गए कार्यों के लिये प्रदान किया गया है।
- आशु सात्विका गोयल एक **सामाजिक कार्यकर्त्ता, कलात्मक प्रशिक्षिका एवं अभिनेत्री** हैं। ये देहरादून में आयोजित **रंग हिमालय उत्सव की सह-संस्थापक** और **नई सभ्यता बनाने के लिये ग्लोबल यूथ नेटवर्क की सदस्य** भी हैं।
- आशु सात्विका ने वैश्विक मुद्दों पर कई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और बैठकों में भाग लिया है तथा **भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना के साथ-साथ एक चित्रकार** भी हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rashtriya-pragati-puraskar